विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, , email-dirfood.cg@gov.in, website-www.fcs.cg.nic.in)

क्रमांक 01 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 /06 / 2026

प्रति,

1. **कलेक्टर**
   जिला–बिलासपुर,
   छत्तीसगढ़
2. **प्रबंध संचालक,**
   छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
   अटल नगर, नवा रायपुर
3. **प्रबंध संचालक,**
   अपेक्स बैंक,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 29 तारांकित द्वारा श्री दिलीप लहरिया, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 29 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में**) दिनांक 01.07.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 02 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 /06/ 2026

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य नियंत्रक, जिला– बिलासपुर, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **03/07/2026**

वर्ग : 1 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **13/07/2026** विभाग का नाम : **सहकारिता**

विषय : **मस्तूरी विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी, शॉर्टेज, अनियमितताओं एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी की जवाबदेही**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **29** ) **श्रीदिलीप लहरिया**

क्या **वन मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में मस्तूरी विकासखंड अंतर्गत संचालित धान उपार्जन केन्द्रों में कुल कितनी धान खरीदी गई? केन्द्रवार खरीदी गई धान की मात्रा, भुगतान राशि, उठाव की स्थिति तथा अंतिम लेखा मिलान का विवरण क्या है? (ख) उक्त अवधि में किन-किन धान उपार्जन केन्द्रों में धान की शॉर्टेज अथवा अन्य अनियमितताएं पाई गईं? केन्द्रवार शॉर्टेज की मात्रा, उससे संबंधित वित्तीय दायित्व तथा वास्तविक क्षति का विवरण क्या है? (ग) धान खरीदी में पाई गई शॉर्टेज एवं अनियमितताओं के संबंध में किन-किन अधिकारियों, कर्मचारियों, समिति प्रबंधकों अथवा अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध जांच, विभागीय कार्यवाही, निलंबन, एफआईआर, वसूली अथवा अन्य दंडात्मक कार्यवाही की गई है? कार्यवाही की वर्तमान स्थिति क्या है? (घ) क्या यह सत्य है कि धान खरीदी प्रक्रिया के पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण का दायित्व किसके पास था? क्या धान उपार्जन केन्द्रों में पाई गई शॉर्टेज एवं अनियमितताओं के लिए उनकी जवाबदेही निर्धारित कर अनुशासनात्मक अथवा दंडात्मक कार्यवाही की गई है? यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है? यदि नहीं, तो क्या हैं?

Sent on : **30/06/2026 12:33:23 PM** | Reply By : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण** | Reply Date : | Pending | Sent From : | **सहकारिता** | Target Date : **30/06/2026**

Remark : कृपया प्रश्न के संबंध में आपके विभाग से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

कले० बिलासपुर
मार्कफेड / अपेक्स

प्रे० 
श्री ....

खा.ना.आ. एवं उप.सं. विभाग
पं.क्र. 113/VS
दि. 30/6/26
छत्तीसगढ़ शासन